R.N.I. No. RAJHIN/2019/77793

postal reg.no. RJ/RJ/207/2022/2024

# मरुधरा टुडे

पाक्षिक

विज्ञापन एवं वार्षिक सदस्यता हेतु कार्यकारी सम्पादक - सहर
मो. 8107416712

वर्ष 06 अंक 11 | कुल पृष्ठ 4 | अजमेर, सोमवार 16 सितम्बर, 2024 | Email.Id: marudharatoday.info@gmail.com | मूल्य : 3 /- रुपये

## मुझे तीसरी बार भेजा दिल्ली, हरियाणा में भी लगेगी जीत की हैट्रिक, कुरुक्षेत्र में बोले पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के लोगों से आगामी राज्य चुनावों में लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का समर्थन करने का आह्वान किया।

कुरुक्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि हरियाणा में फिर से बीजेपी की सरकार बनाने में मदद करें। देश के बुजुर्गों को दी गई गारंटी, मोदी ने पूरी कर दी है। मैं हरियाणा के सभी भाइयों-बहनों से कहूंगा कि आप अपने बाल-बच्चों का ध्यान रखिए, आपके माता-पिता की चिंता आपका ये बेटा, आपका ये भाई कर रहा है। हरियाणा में भाजपा सरकार पूरे सेवा भाव से काम कर रही है। बीते वर्षों में हरियाणा निवेश के मामले में, कमाई के मामले में देश के टॉप राज्यों में पहुंचा है। मुझे इस बात का गर्व होता है। हमने कांग्रेस की सरकार का वो दौर देखा है... विकास का पैसा सिर्फ एक जिले तक सीमित रह जाता था। इतना ही नहीं, वो पैसा किस-किस के जेब में जाता था, इसको भी हरियाणा का बच्चा-बच्चा जानता है। भाजपा ने पूरे हरियाणा को विकास की धारा से जोड़ा



है।

भाजपा सरकार के आने से पहले यहां आधे घरों में नल कनेक्शन नहीं था। आज हरियाणा करीब-करीब शत प्रतिशत नल से जल वाला राज्य बन रहा है। जनता की परेशानी से, जनता की समस्याओं से कांग्रेस को कभी कोई फर्क नहीं पड़ता।

कांग्रेस से बड़ी बेईमान और धोखेबाज पार्टी देश में और कोई नहीं है। कांग्रेस किसानों के लिए बड़ी-बड़ी बातें करती है... उन्हें बड़े-बड़े सपने दिखाती है। सच्चाई ये है कि ये झूठ के अलावा कुछ नहीं है। अगर कांग्रेस में दम है, तो वो कर्नाटक और तेलंगाना में अपनी किसान योजनाएं क्यों नहीं लागू करती? कर्नाटक और तेलंगाना में विकास के सारे काम ठप्प हैं। कांग्रेस पार्टी की एक ही नीति है- चुनाव जीतने के लिए जनता का खजाना खाली करो। इसी तरह आप पंजाब की हालत देखिए... क्या कर दी है।

ये लोग एमएसपी को लेकर कितना शोर मचाते हैं, जबकि हमारा हरियाणा देश का वो राज्य है, जो 24 फसलें एमएसपी पर खरीदता है। मैं कांग्रेस वालों से पूछता हूं वो लोग कर्नाटक और तेलंगाना में कितनी फसलें एमएसपी पर खरीदते हैं?

वहां किसानों को कितना एमएसपी देते हैं? भाजपा की केंद्र सरकार ने किसान का बोझ अपने ऊपर लेने के लिए अनेक प्रयास किए हैं। कर्मचारियों की हितैषी भाजपा सरकार नई पेंशन स्कीम लेकर आई है। इसमें कर्मचारियों के लिए निश्चित पेंशन की गारंटी है। इस नई पेंशन स्कीम का व्यापक स्वागत हुआ है, सरकारी कर्मचारियों ने इस पर खुशी जताई है। कांग्रेस ने किसानों के साथ ही हमेशा देश की रक्षा करने वाले जवानों को भी धोखा दिया है। ये भाजपा सरकार ही है, जिसने पूर्व सैनिकों के लिए वन रैंक वन पेंशन लागू की।

## विशाखापत्तनम में सबमरीन एस्केप ट्रेनिंग फैसिलिटी-विनेत्र नौसेना में शामिल

**नई दिल्ली।** कलवरी सबमरीन एस्केप ट्रेनिंग फैसिलिटी (विनेत्र) को 13 सितंबर, 2024 को पूर्वी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर द्वारा आईएनएस सातवाहन, विशाखापत्तनम में शामिल किया गया। इसका उद्देश्य संकटग्रस्त कलवरी-श्रेणी की पनडुब्बी से चालक दल की भागने की क्षमताओं को बढ़ाना है। इसे स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है, जो आत्मनिर्भर भारत पहल के अनुरूप है। यह रक्षा क्षमताओं में आत्मनिर्भरता पर भारत की प्रतिबद्धता को उजागर करता है। इसका निर्माण टर्नकी परियोजना के रूप में मैसर्स एलएंडटी डिफेंस ने किया है। कलवरी सबमरीन एस्केप ट्रेनिंग फैसिलिटी पांच मीटर के एस्केप टॉवर से सुसज्जित है। इस अत्याधुनिक ट्रेनिंग फैसिलिटी का उपयोग कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियों के चालक दल को बेसिक और रिफ्रेशर दोनों प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए किया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पनडुब्बी संकट की स्थिति में वे बच निकलने की कला में कुशल हो जाएं।

## मोदी 3.0 में लागू होगा एक राष्ट्र -एक चुनाव

### 2029 तक देश में एक साथ चुनाव हो सकते हैं; कोविंद कमेटी 6 महीने पहले रिपोर्ट सौंप चुकी

**नई दिल्ली।** भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार अपने वर्तमान कार्यकाल में एक राष्ट्र -एक चुनाव लागू करेगी। दरअसल मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे हो गए हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा के घोषणा पत्र में भी इसका वादा किया गया था।

ऐसे में एक राष्ट्र -एक चुनाव को लेकर क्या तैयारी चल रही है। इस पर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इसे इसी कार्यकाल में लागू किया जाएगा। पिछले महीने स्वतंत्रता दिवस के अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने एक राष्ट्र -एक चुनाव की वकालत की थी। उन्होंने कहा था कि बार-बार चुनाव देश की प्रगति में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं।

एक राष्ट्र -एक चुनाव पर विचार के लिए बनाई गई पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी ने 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी। यह 18,626 पन्नों की है। पैनल का गठन 2 सितंबर 2023 को किया गया था। यह रिपोर्ट स्टेकहोल्डर्स-एक्सपर्ट्स से चर्चा के बाद 191 दिन की रिसर्च का नतीजा है।

**पैनल के सुझाव...**

सभी राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल अगले लोकसभा चुनाव यानी 2029 तक बढ़ाया जाए।

हंग असेंबली (किसी को बहुमत नहीं), नो कॉन्फिडेंस मोशन होने पर बाकी 5 साल के कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं।

पहले फेज में लोकसभा-विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जा सकते हैं, उसके बाद दूसरे फेज में 100 दिनों के भीतर लोकल बॉडी के इलेक्शन कराए जा सकते हैं।

चुनाव आयोग लोकसभा, विधानसभा, स्थानीय निकाय चुनावों के लिए राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से सिंगल वोटर लिस्ट और वोटर आई कार्ड तैयार करेगा।

कोविंद पैनल ने एकसाथ चुनाव कराने के लिए उपकरणों, जनशक्ति और सुरक्षा बलों की एडवांस प्लानिंग की सिफारिश की है।

अभी ऐसी है एक राष्ट्र -एक चुनाव की संभावना एक देश-एक चुनाव लागू करने के लिए कई राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल घटेगा। जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव 2023 के आखिर में हुए हैं, उनका कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि विधि आयोग के प्रस्ताव पर सभी दल सहमत हुए तो यह 2029 से ही लागू होगा। साथ ही इसके लिए दिसंबर 2026 तक 25 राज्यों में विधानसभा चुनाव कराने होंगे।

**पहला चरण: 6 राज्य, वोटिंग: नवंबर 2025 में**

बिहार: मौजूदा कार्यकाल पूरा होगा। बाद का साढ़े तीन साल ही रहेगा।

असम, केरल, तमिलनाडु, प. बंगाल और पुडुचेरी मौजूदा कार्यकाल 3 साल 7 महीने घटेगा। उसके बाद का कार्यकाल भी साढ़े 3 साल होगा।

**दूसरा चरण: 11 राज्य, वोटिंग: दिसंबर 2026 में**

उत्तर प्रदेश, गोवा, मणिपुर, पंजाब व उत्तराखंड: मौजूदा कार्यकाल 3 से 5 महीने घटेगा। उसके बाद सवा दो साल रहेगा।

गुजरात, कर्नाटक, हिमाचल, मेघालय, नगालैंड, त्रिपुरा: मौजूदा कार्यकाल 13 से 17 माह घटेगा। बाद का सवा दो साल रहेगा।

इन दो चरणों के बाद देश की सभी विधानसभाओं का कार्यकाल जून 2029 में समाप्त होगा। सूत्रों के अनुसार, कोविंद कमेटी विधि आयोग से एक और प्रस्ताव मांगेगी, जिसमें स्थानीय निकायों के चुनावों को भी शामिल करने की बात कही जाएगी।

## केजरीवाल के इस्तीफे के फैसले पर बोले अन्ना हजारे

### - मैंने हमेशा उन्हें राजनीति में ना जाने की सलाह दी थी

नई दिल्ली । दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे की घोषणा को लेकर समाज सेवक अन्ना हजारे की प्रतिक्रिया सामने आई है. उन्होंने कहा कि मैंने अरविंद केजरीवाल को राजनीति में ना जाने की सलाह दी थी।

अन्ना हजारे ने कहा, मैं केजरीवाल से पहले ही कह रहा था की राजनीति में मत जाओ। समाज की सेवा करो बहुत बड़े आदमी बनोगे। कई साल तक हम लोग साथ में थे. उस समय मैंने बार-बार कहा कि राजनीति में नहीं जाना. समाज सेवा आनंद देती है. आनंद बढाओ, लेकिन उसके दिल मे बात नही रही और आज जो होना था वह हो गया। उनके दिल में क्या है मैं क्या जानूं।

बता दें कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि वह दो दिन बाद अपने पद से इस्तीफा दे देंगे और दिल्ली में समय पूर्व चुनाव कराने की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि जब तक लोग उन्हें ईमानदारी का प्रमाणपत्र नहीं दे देते, तब तक वह मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे।

आबकारी नीति से जुड़े कथित भ्रष्टाचार मामले में शुक्रवार को तिहाड़ जेल से जमानत पर रिहा हुए केजरीवाल ने कहा कि अगले कुछ दिन में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों की बैठक होगी और पार्टी के एक नेता को मुख्यमंत्री चुना जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में फरवरी में चुनाव होने हैं लेकिन मैं नवंबर में महाराष्ट्र के साथ राष्ट्रीय राजधानी में चुनाव कराने की मांग करता हूं।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री की कुर्सी पर तभी बैठूंगा, जब लोग मुझे ईमानदारी का प्रमाणपत्र देंगे. जेल से बाहर आने के बाद अग्निपरीक्षा देना चाहता हूं. उन्होंने ये भी कहा कि मैं मुख्यमंत्री और सिसोदिया उपमुख्यमंत्री तभी बनेंगे, जब लोग कहेंगे कि हम ईमानदार हैं।

## संपादकीय

## स्वयं को बदलने का संकल्प लिया राजनेताओं ने!

**- ब्रह्माकुमारीज ने आयोजित किया राजनेता सम्मेलन**

ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के आबू रोड़ स्तिथ आनंद सरोवर परिसर में राष्ट्रीय राजनीतिक सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें देशभर से राजनेता, जनप्रतिनिधि, पार्टियों के पदाधिकारियों ने भाग लिया ।तनावमुक्त शासन के लिए राजनेताओं का आध्यात्मिक सशक्तिकरण विषय पर आयोजित सम्मेलन में बीके बृजमोहन भाई ने कहा कि राजनीति करने वाले लोगों के लिए योग, ध्यान और साधना बहुत जरूरी है। ब्रह्माकुमारीज़ के ज्ञान से हमें मानसिक शांति मिलती है। इससे शांति-सुख का मार्ग प्रशस्त होता है। कोई भी धर्म हो सभी का मकसद समाज का उत्थान होता है। पहले की सत्ता में राजगुरु होते थे और उन राजगुरु के हिसाब से सत्ता चलती थी। सत्ता में सबके कल्याण का भाव होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों की गुलामी के कारण हम अपनी शक्ति को भूल गए और जो मुक्ति का मार्ग था उससे भटक गए। स्वामी विवेकानंदजी ने 21वीं सदी के भारत की भविष्यवाणी 19वीं सदी में की थी। आज ब्रह्माकुमारीज़ के माध्यम से सकारात्मक वातावरण का निर्माण हो रहा है। 21वीं सदी के भारत का सपना आज साकार हो रहा है। हमारे मन में सकारात्मक ऊर्जा, मन का निर्माण हो रहा है और हम ईश्वर के निकट जा रहे हैं। आत्मा को जब हम परमात्मा के निकट ले जाने लगते हैं तो आत्मा-परमात्मा के बीच कोई दूरी नहीं रहती है। अपनी लिए जीना एक कहानी है और औरों के लिए जीना एक जिंदगानी है ।ब्रह्माकुमारीज के अतिरिक्त महासचिव बीके राजयोगी बृजमोहन भाई ने आगे कहा कि हर चीज अपनी तीन अवस्थाओं से गुजरती है- सतो, रजो और तमो। नवदुनिया के निर्माता, परमपिता ने जब दुनिया की स्थापना की थी, तब यह दुनिया स्वर्णिम दुनिया स्वर्ग, सतयुग थी। वहां सभी देवी-देवता थे, इसलिए हम सभी देवी-देवताओं के वंशज हैं। सतयुग में एक धर्म, एक राज्य, एक भाषा होती है। वहां हर चीज अपनी संपूर्ण अ?वस्था सतो प्रधान रूप में होती है। धीरे-धीरे सृष्टि के क्रम में बदलाव आ जाता है और सतो से रजो और रजो से तमो अ?वस्था आती है। वर्तमान में दुनिया की तमोप्रधान अ?वस्था चल रही है। अब पुन: परमात्मा इस धरती पर आकर सतोप्रधान दुनिया, स्वर्णिम दुनिया की स्थापना कर रहे हैं। उस दुनिया में सभी सर्वगुण संपन्न, 16 कला संपूर्ण थे। राजनीतिक प्रभाग की उपाध्यक्ष राजयोगिनी लक्ष्मी दीदी ने कहा कि राजनीति में अध्यात्म के समावेश से ही राजनीति की दशा और दिशा बदलेगी। राजनेताओं में निस्वार्थ समाजकल्याण की भावना का विकास होगा ।राजयोगिनी उषा दीदी ने मंत्र दिया कि यदि हमने अपनेआप पर राज कर लिया तो हम दुनिया पर राज कर सकते हैं। यहां के पवित्र वातावरण का आप सभी भरपूर लाभ लें। एक राजनेता का कर्तव्य धर्म की रक्षा करना भी होता है ।उषा दीदी ने कहा कि तीन सत्ताएं प्रमुख होती हैं- परमात्म सत्ता, राज सत्ता, धर्म सत्ता। पहले जो राज सत्ता थी उसमें धर्म सत्ता और विज्ञान की सत्ता भी शामिल थी। शनै-शनै धर्म सत्ता और राज सत्ता अलग हो गईं। सवाल ये है कि हम कैसा अपना देश, कैसा विश्व चाहते हैं। हम अपने भारत को सोने की चिड़िया वाला भारत कहते हैं। वह प्रेरणादायक नेतृत्व, परमात्म शक्तियों और वरदानों से बनेगा। लीडर वही है जिसके प्रेरणादायक विचार और व्यक्तित्व होता है। नेता की पहचान इस बात से है कि आप करते क्या हैं, क्या कहते हैं और आप क्या हैं। राजनीतिक प्रभाग की मुख्यालय संयोजिका राजयोगिनी बीके ऊषा दीदी ने कहा कि देशभर से आए राजनेताओं का हृदय से स्वागत है। उत्तराखंड से राज्य मंत्री स्तर श्यामवीर सैनी ने कहा यहां आकर ऐसा लग रहा है जैसे सतयुग आ चुका हो और मैं सतयुगी स्वर्णिम सभागार में बैठकर सीधे परमात्मा से रूह रिहान कर रहा हूं ।मेरा सौभाग्य है कि मेरे मित्र श्रीगोपाल नारसन जो हरीश रावत सरकार के समय मुख्यमंत्री के प्रवक्ता रहे और वर्तमान में विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के उपकुलपति है,मुझे यहां लेकर आए है,हमारे साथ लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष किसान नेता चौधरी सेठपाल परमार भी यहां मौजूद है ।मैं सुबह 5 बजे उठकर बाबा रामदेव की प्रेरणा से नियमित योग करता हूं, लेकिन जैसे ही सुबह मेरी आँख खुलती है,मुझे मोबाइल पर भ्राता श्रीगोपाल नारसन की ब्रह्माकुमारीज से जुड़ी एक कविता व उनके बुलेटिन में ब्रह्माकुमारीज की प्रेरक वीडियो देखने को मिलती है ।उन्ही के माध्यम से मुझे कई बार ब्रह्माकुमारीज के सेवा केंद्रों पर कार्यक्रमो में जाने का अवसर मिला ।कल ब्रह्माकुमारीज के शिक्षा प्रभाग अध्यक्ष राजयोगी मृतुन्जय भाई से मुलाकात हुई और उन्होंने हमारा सम्मान किया,मृतुन्जय भाई की सोच है कि हम राजनीतिक लोगो को देश मे कक्षा 12 तक निशुल्क शिक्षा व सबको भोजन मिले ऐसे प्रयास करने चाहिए ।ब्रह्माकुमारीज में सबको निशुल्क भोजन की व्यवस्था देखकर मैं बहुत प्रभावित हुआ ।निश्चित ही हम कह सकते है कि देश ही नही दुनिया को संवारने में ब्रह्माकुमारीज की महती भूमिका है ।मैं तो यहां पहली बार आया हूं और लगता है ,अब बार बार आऊंगा ।चार बार के विधायक गंगाराम भाई ने कहा कि वे आजीविका के लिए बूट पालिस करते थे और मात्र छठी पास है,साथ ही जुवां खेलने व नॉनवेज खाने की लत थी,लेकिन जब से ब्रह्माकुमारीज में आया हूं तब से मेरा जीवन ही बदल गया है ।आज वे पूरी तरह से सात्विक है और अहिंसक हो गए है ।उज्जैन के सांसद बालयोगी उमेशनाथ व रीवा के सांस जगन्नाथ मिश्रा ने भी अपने अनुभव साझा किए ।कई सत्रों में व विभिन्न विषयों को लेकर आयोजित चर्चा-परिचर्चा में कई विधायकों, पार्टी नेताओं तथा ब्रह्माकुमारीज के वक्ताओँ ने राजनीति से आध्यात्म को जोड़ने की पैरवी की ।सांस्कृतिक कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपने नृत्य व गायन से स्वस्थ मनोरंजन किया ।मधुरवाणी ग्रुप के कलाकारों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया ।इस सम्मेलन में भारत के कोने कोने से व नेपाल से बड़ी संख्या में नेताओं ने भागीदारी की ।संचालन बीके सपना ने किया ।ब्रह्माकुमारीज संस्था के कार्यकारी सचिव बीके मृतुन्जय भाई ने राज्य मंत्री स्तर श्यामवीर सैनी,किसान नेता सेठपाल परमार व विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के उपकुलपति श्रीगोपाल नारसन का शाल ओढाकर व ईश्वरीय सौगात देंकर सम्मानित किया।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने जारी की 20 उम्मीदवारों की सूची

नई दिल्ली । समाजवादी पार्टी ने जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। इसी क्रम में रविवार को समाजवादी पार्टी की ओर से उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की गयी। पहली सूची में समाजवादी पार्टी ने 20 सीटों पर उम्मीदवार उतारने की घोषणा की है।

समाजवादी पार्टी ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए 20 उम्मीदवारों के नामों सूची जारी की है। सपा के अनुसार अखिलेश यादव भी चुनाव प्रचार के लिए जाएंगे। पार्टी ने स्टार प्रचारकों की सूची भी जारी कर दी है। समाजवादी पार्टी ने हजरतबल से शाहिद हुसैन, बुडगाम से जी मकबूल शाह, बीरवाह से नासिर अहमद डार, हब्बाकादल से मोहम्मद फारूख खान और ईदगाह से मेहराजउद्दीन अहमद को उम्मीदवार बनाने की घोषणा की है। बारामुला से मंजूर अहमद और बांडीपोरा से गुलाम मुस्तफा को उम्मीदवार बनाया गया है।

जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटने और केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा मिलने के बाद पहली बार विधानसभा चुनाव हो रहा है। विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने आपस में सीटों पर समझौता किया है। अखिलेश यादव ने पहले समर्थन करने का ऐलान किया था।

चुनाव प्रचार करेंगे अखिलेश यादव

इससे पहले समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा था कि अगर राज्य इकाई चाहेगी तो वह पार्टी उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगे। समाजवादी पार्टी के स्टार प्रचारकों की सूची में अखिलेश यादव का नाम शामिल है। अखिलेश यादव ने कहा था कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव लड़ना पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद यह पहला चुनाव है। साथ ही, यह राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल करने की दिशा में भी एक कदम है जिसे छोटे राज्यों में चुनाव लड़कर हासिल करना आसान है।

राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा पाने के लिए समाजवादी पार्टी का चुनाव लड़ना जरूरी है। राष्ट्रीय दर्जा के लिए एक पार्टी को चार या अधिक राज्यों में विधानसभा (या लोकसभा) चुनावों में कम से कम 6 फीसदी वोट प्राप्त होने चाहिए और उसके पास कम से कम चार लोकसभा सदस्य होने चाहिए।

90 सदस्यीय जम्मू-कश्मीर विधानसभा के लिए विधानसभा चुनाव तीन चरणों में कराने का ऐलान चुनाव आयोग ने किया है। पहले चरण में 18 सितंबर को, दूसरे चरण में 25 सितंबर को और तीसरे चरण में 1 अक्टूबर मतदान होंगे। चुनाव को लेकर जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गयी हैं। सभी राजनीतिक दल चुनाव में अपनी पूरी ताकत झोंक रहे है।

## राहुल गांधी को आतंकी कह रहे केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू के बिगड़े बोल

नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी के नेता और केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कांग्रेस सांसद एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ विवादित बयान देकर राजनीतिक गलियारे को गर्माने की कोशिश की है। रेल राज्य मंत्री बिट्टू ने कहा है, कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी देश के नंबर-1 टेररिस्ट हैं, उन पर तो ईनाम होना चाहिए। उनके बिगड़े बोल यहीं नहीं रुके बल्कि उन्होंने अपने बयान में राहुल को विदेशी बताते हुए यहां तक कह दिया कि राहुल गांधी हिंदुस्तानी नहीं हैं, उन्होंने अपना अधिक समय देश के बाहर बिताया है। उनके दोस्त और परिवार वहां हैं।

केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा, कि कांग्रेस नेता ने सिखों को बांटने की कोशिश की है। सिख किसी पार्टी से जुड़े नहीं हैं ऐसे में यह चिंगारी लगाने की कोशिश जैसा है। इसके साथ ही भाजपा नेता ने विवादित बयान देते हुए कहा कि राहुल गांधी नंबर



एक टेररिस्ट हैं, उन पर तो ईनाम होना चाहिए। यहां बताते चलें कि केंद्रीय मंत्री बिट्टू ने ये सारी बातें राहुल गांधी द्वारा अमेरिका में सिखों को लेकर दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कही है। उन्होंने आगे कहा कि राहुल हिंदुस्तानी नहीं हैं। उन्होंने अपना ज्यादा वक्त देश के बाहर बिताया ऐसे में उनके दोस्त और परिवार वहां हैं। उन्हें अपने देश से प्यार नहीं है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी विदेश जाकर हर चीज को उल्टा-पुल्टा करके बोलते हैं। केंद्रीय मंत्री बिट्टू सवाल करते हुए कहते हैं कि किस सिख ने कहा, कि वह कड़ा नहीं पहन सकता? पगड़ी नहीं पहन सकता या गुरुद्वारे नहीं जा सकता? उन्होंने कहा कि पहले मुस्लिमों में कोशिश की अब सिखों के बारे में कह रहे हैं और अलगाववादी उनके बयान की तारीफ कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री बिट्टू यहीं नहीं रुके बल्कि उन्होंने आगे कहा, कि जो देश के दुश्मन हैं, वो हर वक्त गोली-बंदूक की बातें करते हैं, जहाजों से लेकर ट्रेनों और सड़क मार्ग उड़ाने की बात करते हैं। जब ऐसे लोग राहुल के समर्थन में आ गए तो ऐसे में आप अंदाजा लगा सकते हैं कि राहुल गांधी खुद देश के नंबर-1 टेररिस्ट हैं। उन पर ईनाम होना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी इतने समय से सांसद हैं, लेकिन उन्होंने आम जनता का दर्द ही नहीं समझा है।

## हरियाणा चुनाव में हार-जीत से नफा-नुकसान का किया जाने लगा आकलन

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 सितंबर को कुरुक्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के लिए चुनाव प्रचार अभियान का शंखनाद कर दिया है। यह शंखनाद इसलिए भी जरूरी था क्योंकि हरियाणा में भाजपा उम्मीदवारों की सूची जारी होने के साथ ही बगावत और इस्तीफे सामने आए हैं। अब राजनैतिक दल हार जीत से होने वाले नफा नुकसान का आकलन करने लगे हैं। रिपोर्ट के अनुसार पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने माना कि दांव बहुत ऊंचे हैं, उन्होंने बताया कि हरियाणा के नियंत्रण में होने से भाजपा किसान विरोध प्रदर्शनों से कुछ हद तक बच सकती है। हरियाणा में हार का मतलब पंजाब, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली के बाद विपक्ष के पास जाने वाला एक और राज्य होगा।

जहां विरोध प्रदर्शनों को सबसे ज्यादा समर्थन मिला है। हाल में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा को एक और ऐसे ही राज्य उत्तर प्रदेश में झटका लगा है। वरिष्ठ नेता ने कहा, पंजाब और हरियाणा के प्रदर्शनकारियों को राजधानी दिल्ली में एंट्री करने से पहले बॉर्डर पर रोका गया। किसान आंदोलन के चरम पर, हरियाणा में भाजपा की सरकार होने के कारण इसे राष्ट्रीय विरोध बनने से रोका जा सकता था। लेकिन ऐसा नहीं हुआ, हरियाणा को खोने का नतीजा यह होगा कि विपक्ष द्वारा जुटाए गए इस तरह के विरोध और आंदोलन बिना किसी रोक-टोक के दिल्ली पहुंच सकते हैं। सवाल है कि हरियाणा चुनाव में भाजपा के लिए जीत क्यों जरूरी है। दरअसल पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को डर है कि हरियाणा में हार के दूरगामी परिणाम होंगे।

## बारिश के बाद ट्रांसपोर्ट नगर की हालत खराब

**पाली ।** राजस्थान के पाली में बारिश के बाद से ट्रांसपोर्ट नगर की हालत खराब है। यहां की अधिकतर गलियों में बारिश का पानी भरा है। गोदामों के आगे कीचड़ हो रहा है तो कही पानी भरा है। ऐसे में गोदाम से माल लोड और अनलाडे करवाने में व्यापारी परेशान हैं। कई गोदामों में पानी भरने से माल खराब हो गया है। यहां भरे बारिश के पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं है। पाली के नया गांव रोड पर स्थित ट्रांसपोर्ट व्यापारियों के निकट ही प्रेम नगर में शताधिक गोदाम बने हैं। प्रेम नगर चारों तरफ से घिरा है। यहां बारिश का पानी स्टोर हो जाता है। क्योंकि उसकी निकासी का कोई रास्ता नहीं है। बारिश के पानी की निकासी की व्यवस्था हो तो स्थिति में सुधार हो सकता है।

## स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी से पीड़ित बच्चे को लगाया करोड़ों का इंजेक्शन

**जयपुर।** राजस्थान के जयपुर में जेके लोन हॉस्पिटल में 26 महीने के अर्जुन को करोड़ों का इंजेक्शन लगाया गया। स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी से पीड़ित अर्जुन की ये बीमारी पिछले डिटेक्ट हुई थी। अर्जुन के पिता ने कहा कि इतना महंगा इलाज करवाना हमारे परिवार के लिए संभव नहीं था। हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने क्राउड फंडिंग के लिए गाइड किया जिसमें हमें हर सेक्टर से मदद मिली।अर्जुन का इलाज कर रहे रेयर डिजीज सेंटर के इंचार्ज डॉक्टर प्रियांशु ने कहा कि अर्जुन इस बीमारी के कारण ठीक से बैठ भी नहीं पा रहा था। ये बीमारी दुर्लभ है जिससे इसका इलाज भी बहुत महंगा है। अर्जुन की मां शिक्षा विभाग में लैब असिस्टेंट हैं। ऐसे में शिक्षा मंत्री, निदेशक माध्यमिक शिक्षा, सचिव समेत विभाग के तमाम अधिकारियों-कर्मचारियों और उनके परिजनों ने आर्थिक सहयोग देकर मदद की। निदेशक ने भी विभाग के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को पत्र लिखकर आर्थिक सहयोग करने का आग्रह किया था।

स्वामी व प्रकाशक महेश चंद रांगेरा द्वारा मुद्रक गोपाल सिंह लबाना, गुरुनानक प्रिंटिंग प्रसे, प्लॉट नम्बर 2, पत्रकार कॉलोनी, कोटड़ा, अजमेर से मुद्रित व कार्यालय जी-7सातवीं मंजिल, गुरु अभय रेडिडेन्सी, पंचशील ब्लॉक, अजमेर से प्रकाशित, सम्पादक -महेश चंद रांगेरा व कार्यकारी सम्पादक-सहर। समस्त विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र अजमेर ही रहेगा। मो. 9929590449, 8107416712, Email.Id: marudharatoday.info@gmail.com

# अजमेर से दो बुर्जुग बहनों के अपहरण का मामला

## देवनानी के निर्देश पर स्पेशल टीम गठित, कहा कानून का राज हमेशा रहेगा कायम

**अजमेर ।** अजमेर बजरंग रोड स्थित एक घर से दो महिलाओं के अपहरण मामले में विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने संज्ञान लेते हुए शनिवार शाम पीड़िताओं के आवास पर पहुंच पूरे घटना की जानकारी ली। साथ ही पुलिस अधिकारियों को मामले में सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इससे पहले सुबह घटना की जानकारी मिलते ही देवनानी ने पूरे घटनाक्रम पर सक्रिय रूप से मॉनिटरिंग की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को तुरंत एक्शन के निर्देश दिए। इस पर पुलिस ने स्पेशल टीम गठित कर कार्रवाई की और महिलाओं को अपहर्ताओं से मुक्त कराया। विधानसभा अध्यक्ष



श्री वासुदेव देवनानी ने कहा कि इस तरह की घटनाएं सभ्य समाज में कतई स्वीकार्य नहीं है और हर हाल में कानून का राज बना रहना चाहिए। श्री देवनानी ने पुलिस अधिकारियों को घटना में गिरफ्तार बदमाशों के खिलाफ विधि सम्मत सख्त से सख्त कार्यवाही करते हुए मामले में लिप्त मुख्य आरोपी को भी जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले इसके लिए उन्होंने पुलिस महानिरीक्षक से बात की है और जरूरत पड़ने पर गृह मंत्री से भी बात की जाएगी। देवनानी ने कहा कि सुबह घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने संवेदनशीलता और गंभीरता दिखाते हुए तत्काल रिस्पोन्स किया। जिसके चलते ही अपहृत दोनों बुर्जुग महिलाओं को आरोपियों के चुंगल से छुडवाया जा सका। पीड़िताओं से मुलाकात के दौरान श्री देवनानी के सामने यह तथ्य भी आया कि शहर में कुछ संगठित लोगों की ओर से सम्पत्तियों के कूटरचित दस्तावेज तैयार कर हड़पने का भी गैर कानूनी काम चल रहा है। इस पर श्री देवनानी ने पुलिस अधिकारियों की इस ओर जागरूक रहने और शिकायत मिलने पर सख्त कार्यवाही के लिए भी निर्देशित किया है। इस अवसर पर जैन समाज के प्रबुद्ध व्यक्तियों ने विधानसभा अध्यक्ष का आभार जताया।

# यौन अपराधों के प्रति बालिकाओं को किया जागरूक

**कोटा।** यहां लायंस क्लब नोर्थ चैरिटेबल सोसायटी की ओर से तेजस्विनी बालिका गृह कोटा में बालिकाओं के साथ यौन अपराधों से रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता दीपिका सिंह लायंस क्लब कोटा नोर्थ चैरिटेबल सोसायटी के अध्यक्ष वरुण, प्रभा उपस्थित रहे।

मुख्य वक्ता दीपिका सिंह ने बालिकाओं को यौन अपराधों से रोकथाम के लिए चुप्पी तोड़ो हमसे नाता जोड़ो के बारे में कहा कि आपके मोबाइल पर किसी भी तरह के अश्लील वीडियो, ब्लेकमेलिंग, अश्लील चैट जैसी कोई भी सामग्री आती है तो उसके बारे में तुरंत जानकारी दें। कोई छेड़छाड़ करता है तो उसके बारे में भी तुरंत अपनी वार्डन या पुलिस को जानकारी दें। साथ ही अपने माता-पिता को बताएं। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को भी बताएं। आपका चुप रहना अपराध को बढ़ावा देगा। गलत के खिलाफ हमें आवाज उठानी ही है ताकि अपराध के पहले कदम को ही रोक सकें। छोटी बालिकाओं को गुड टच व बेड टच के बारे में भी जानकारी दी गई। अध्यक्ष ने बालिकाओं से कहा कि पूर्व में हुई गलती को भूलकर जीवन में नए सिरे से आगे बढ़ें।

## मिंडा शी शक्ति कार्यक्रम में ब्रांड एंबेसेडर के रूप में शामिल

**अजमेर ।** लायंस इंटरनेशनल में महिलाओं ने पिछले कई दशकों से दुनिया की सेवा करते हुए हर बाधा को पार किया है और उन्होंने अपनी विशेष पहचान बनाई है। जिसमे हर एक महिला के योगदान का जश्न मनाते आ रहे हैं। डिस्ट्रिक मीडिया कॉर्डिनेटर लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि उसी क्रम में 16 सितंबर को, हम लायंस इंटरनेशनल में, न्यूज़ 18 के साथ मिलकर जीवन के हर क्षेत्र से आने वाली महिलाओं का उत्सव मनाएंगे, खासकर उन महिलाओं का, जो सीमाओं को पार कर सफलता की नई परिभाषा गढ़ रही हैं। प्रांतपाल लायन श्यामसुंदर मंत्री के अनुसार सोमवार को 12 बजे से नई दिल्ली स्थित होटल ताज में लायंस काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित शी शक्ति 2024 कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट की जीएलटी कॉर्डिनेटर लायन कविता मिंडा लायंस एंबेसेडर के रूप में भाग ले रही हैं ।

# गोल्ड लोन कंपनी से की गई धोखाधड़ी, मामला दर्ज

**अजमेर ।** यहां गोल्ड लोन कंपनी के साथ धोखाधड़ी की गयी है। आरोप है कि 3 कस्टमर ने कम सोने के जेवरात गिरवी रखकर करीब 30 लाख का लोन लिया। इसका खुलासा एक कस्टमर के लोन के लिए अप्लाई करने पर हुआ। चारों के खिलाफ कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पहाडगंज अजमेर के कुश ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी कि वह बजाज फाइनेंस लिमिटेड शाखा कचहरी रोड अजमेर में मैनेजर है। 10 सितम्बर को विकास नायक पीलीखान, लोहाखान जेवरात लेकर लोन के लिए आया। जेवरात देखने पर शक हुआ कि आभूषण को बनावटी तरीके से बड़ा दिखाया था। जिसमें सोने की मात्रा कम थी। कर्मचारियों ने उससे पूछा तो उसने सोना अपना और ससुराल से मिलना बताया। पुलिस को शिकायत की तो उसने यह आभूषण हरिओम का बताया व उसने यह सोना बजाज फाइनेंस गोल्ड लोन में रखने के लिए कहा। शाखा में जांच की तो पाया कि सोनी ने पौने 3 लाख, योगेश ने ढाई लाख, मुकेश 24 लाख का लोन लेकर सोना गिरवी रखा। इन आभूषण हमने बाहरी वेल्यूअर से वेल्यूएशन करवाया तो पता चला कि ये आभूषण भी बनावटी हैं। धोखाधड़ी कर लोन लेने के आरोप में चारों के खिलाफ शिकायत दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## वेन चालक नाबालिग किशोरी से रेप के मामले में गिरफ्तार

अजमेर । यहां एक निजी स्कूल के वेन चालक को नाबालिग किशोरी से रेप के मामले में गिरफ्तार किया गया है। अब आरोपी को आज पुलिस कोर्ट में पेश करेगी। श्रीनगर थानाधिकारी ने कहा कि वेन चालक पवन को गिरफ्तार किया है। आरोपी को मसुदा के रतनपुरा गांव से पकड़ा है। पीड़ित ने शिकायत में बताया कि जिस स्कूल में उसकी मौसी काम करती है। उस स्कूल के वैन चालक से उसकी जान-पहचान हुई। उसने फोन पर बात नहीं के करने पर किडनैप करने की धमकी दी थी। परेशान होकर उसने आरोपी से बात करनी शुरू कर दी। कुछ समय बाद वह अपने गांव चली गई। वेन चालक उसके गांव भी पहुंच गया। वह उसे सुनसान जगह ले गया और वेन में उसके साथ रेप किया। परिवार या रिश्तेदार को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने बताया कि रेप के बाद वह प्रेग्नेंट हो गई। फिर उसने हिम्मत करके परिवार को इसकी जानकारी दी थी।

## रोटरी क्लब नसीराबाद द्वारा दो वरिष्ठ सदस्य का जन्मदिन सेवा कार्य कर बनाया

नसीराबाद । रोटेरियन विजय मेहरा और विजय अजमेरा का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से सेवा कार्य करके बनाया गया। रोटरी क्लब अध्यक्ष मुकेश मित्तल ने बताया कि रविवार के दिन दो सीनियर रोटेरियन विजय मेहरा और विजय अजमेरा का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से सेवा कार्य करके बनाया गया इन दोनों का शहर के जागरूक समाजसेवी होने के साथ-साथ रोटरी के हर कार्य में आपका भरपूर सहयोग रहता है। रोटरी हमेशा से ही सेवा कार्यों के लिए समर्पित रहा है और इसी समर्पण और सेवा की भावना से आज नर्सिंग गौशाला में गोवंश को हरा चारा एवं गुड़ खिलाकर इस पुनीत कार्य द्वारा अपने रोटरी साथियों का जन्मदिन मनाया गया । रोटरी क्लब के सभी सदस्यों ने विजय मेहरा और विजय अजमेरा को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष मुकेश मित्तल, सचिव हिमांशु गर्ग, अरुण अजमेरा, विनोद अजमेरा, भरत ऐरन, दयाल मीरचंदानी, जय किशन भागनानी, भीकम मुणोत और मानस मेहरा मौजूद रहे।



# रेल कर्मचारियों के बच्चों की निबंध प्रतियोगिता आयोजित



**अजमेर ।** उत्तर पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन अजमेर के तत्वाधान मे आज दिनांक 15.9.2024 को रेल कर्मचारियों अधिकारियों के बच्चों हेतु निबंध प्रतियोगिता का आयोजन अजमेर मंडल के अजमेर, उदयपुर ,भीलवाड़ा, आबू रोड, मारवाड़ जं, स्टेशनो पर किया गया जिसमें मंडल में कार्यरत कर्मचारियों के 6 वर्ष से 15 वर्ष तक के लगभग 80 बच्चो ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बच्चों की आयु वर्ग के अनुसार तीन ग्रुप बनाए गए थे इसके अनुसार उन्हें निबंध हेतु शीर्षक दिए गए। ग्रुप-1 (6-9 वर्ष) के लिए दोस्त की जन्मदिन पार्टी अथवा स्कूल में पसंदीदा समय ग्रुप-II (10-12 वर्ष) के लिए स्वच्छता का महत्व अथवा आपके द्वारा खेला गया गेम इसी प्रकार ग्रुप-III (13-15 वर्ष) के लिए प्रदुषण का प्रभाव और हम इसे कैसे नियंत्रित कर सकते हैं अथवा विश्व बंधुत्व जैसे शीर्षक शामिल थे।



# शादी का झांसा देकर किया रेप, मामला दर्ज

अजमेर । यहां दरगाह थाना क्षेत्र में कंप्यूटर ऑपरेटर से होटल में रेप हुआ है। पीड़िता ने मध्य प्रदेश के युवक पर शादी का झांसा देकर रेप का आरोप लगाया है। पीड़िता ने इस मामले की शिकायत थाने में दी है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार थाने पर 33 वर्षीय पीड़िता ने केस दर्ज करवाया है। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि फेसबुक पर मध्य प्रदेश के युवक से दोस्ती के बाद में दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई। कुछ समय बाद आरोपी ने उसे खुद को अनमैरिड बात उससे शादी करने की इच्छा जाहिर की। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी युवक ने उसे झांसा देकर दिल्ली बुलाया और बाद में ट्रेन से अजमेर लेकर आ गया। इसके बाद वह दोनों एक होटल गए। आरोपी ने उसे शादी करने का झांसा देकर उसके साथ रेप किया। दरगाह में जियारत करने के बाद वह आरोपी के साथ अजमेर से ट्रेन से वापस चली गई। आरोपी उसे ट्रेन में बैठाकर खुद कहीं और चला गया। फिर घर पहुंचने के बाद उसने आरोपी से संपर्क किया तो उसने फोन नहीं उठाया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि जब उसने आरोपी के बारे में संपर्क किया तो उसे पता चला कि आरोपी पहले से शादीशुदा है। दरगाह पुलिस पीड़िता की शिकायत पर मामले की जांच में जुटी है।

# अजमेर में होगा 100 साल पुराने ड्रेनेज सिस्टम पर काम

**बनेगी जल निकासी की ठोस योजना-देवनानी**

**फॉयसागर पर जिला स्तरीय जल महोत्सव**

**जल का पूजन, संरक्षण, संवर्द्धन एवं सदुपयोग हमारी संस्कृति का हिस्सा-विधानसभा अध्यक्ष**

**प्राकृतिक खेती से बढ़ेगी किसानों की आमदनी, जल का संचय सीखें हम-श्री चौधरी**





**अजमेर ।** राज्य सरकार की पहल पर अच्छी वर्षा के बाद ईश्वर व इन्द्र देव के आभार के साथ पहली बार जल महोत्सव मनाया गया। फॉयसागर झील पर आयोजित जिला स्तरीय महोत्सव में जल की पूजा एवं आरती की गई। मंत्रोच्चारण एवं हरि नाम संकीर्तन के साथ आध्यात्मिक माहौल में हजारों लोग झील पर जुटे एवं ईश्वर का आभार जताया।

कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने कहा कि राज्य सरकार की यह पहल प्रशंसनीय है। जलझूलनी एकादशी का पौराणिक महत्व है। भगवान श्री विष्णु से जुड़ी यह तिथि हमें जल का महत्व समझाती है। इस साल प्रदेश में बहुत अच्छी वर्षा हुई है। बीसलपुर, आनासागर, फॉयसागर, पुष्कर एवं चौरासियावास सहित 83 प्रतिशत बांध भर गए हैं। हमें जल के संरक्षण, संवर्द्धन एवं सदुपयोग के प्रति जागरूक होना है। पहले की बजाए अब जागरूकता बढ़ी है। इस स्थिति में और अधिक सुधार की आवश्यकता है।

देवनानी ने कहा कि इस साल अजमेर में अत्यधिक बारिश हुई है। कई क्षेत्रों में जलभराव हुआ है। लोगों को परेशानी भी हुई। लगातार प्रयासों से पानी उतर गया है। लेकिन भविष्य को देखते हुए ड्रेनेज के लिए एक दीर्घकालिक योजना पर जल्द काम शुरू होगा। अजमेर में वर्ष 1936 से पहले सैकड़ों सालों से मौजूद रही ड्रेनेज व्यवस्था को पुनर्जीवित करने की योजना पर काम किया जाएगा। इसके लिए एक्सपर्ट और सोसायटी के व्यूज भी लिए जाएंगे। आगामी सालों में जलभराव ना हो इसकी पुख्ता व्यवस्था की जाएगी।

देवनानी ने कहा कि हम अजमेर में जलपूर्ति के लिए बीसलपुर बांध पर निर्भरता को भी कम करने का प्रयास कर रहे हैं। फॉयसागर से पानी लिया जा रहा है। शहर से मीठे पानी के जलस्त्रोतों को जाड़कर फिल्टर प्लांट तक पानी पहुंचाने की दिशा में भी काम होगा। इसी तरह राज्य की बजट घोषणाओं में पेयजल के लिए हुई घोषणाएं भी शहर की जलापूर्ति के लिए वरदान बनेंगी।केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री श्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि जल ही कल है और जल ही जीवन है इस मूल मंत्र को जीवन में अपनाना होगा। भारतीय संस्कृति में सदैव से जल के पूजन की परम्परा ही है। हमें जल व प्रकृति के संरक्षण के लिए गंभीरता से प्रयास करने होंगे। भौतिकता के पीछे दौड़ में हम प्रकृति के साथ छेड़छाड़ को बंद करें।राज्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का तीसरा कार्यकाल किसानों को समर्पित है। किसान सम्मान निधि में वृद्धि की गई है। किसानों के हित में कई निर्णय लिए गए है। किसानों के हित में कई निर्णय लिए गए हैं। न्यूनतम समर्थन मूल्य को बढ़ाया गया है। किसानों को अब प्राकृतिक खेती को अपनाना चाहिए। यूरिया व उर्वरकों के उपयोग के बजाए प्राकृतिक खाद से खेती करेंगे तो किसानों की आमदनी बढ़ेगी। उनके परिवार व पशुओं को भी फायदा होगा। इस साल जिले में अच्छी बारिश हुई है। किसानों को इसका फायदा मिलेगा। आनासागर झील की भराव क्षमता को बढ़ाया जाना चाहिए।

इससे पूर्व श्री वासुदेव देवनानी, श्री भागीरथ चौधरी, संभागीय आयुक्त श्री महेश चन्द्र शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक श्री ओम प्रकाश, जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु एवं प्रधान श्रीमती सीमा रावत सहित अतिथियों ने झील का पूजन किया। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अभिषेक खन्ना ने महोत्सव का परिचय देते हुए जिले में बांधों में भराव की प्रगति की जानकारी दी। कार्यक्रम में अध्यक्ष श्री रमेश सोनी, श्रीमती भारती श्रीवास्तव, अजमेर विकास प्राधिकरण आयुक्त नित्या के., प्रशिक्षु आईएएस महिमा कसाना, एडीएम सिटी श्री गजेन्द्र सिंह राठौड़ सहित अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी को जल संरक्षण एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। संचालन वर्तिका शर्मा ने किया।

## वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2024

आवेदन की अन्तिम तिथि 19 सितम्बर

**अजमेर ।** राजस्थान सरकार द्वारा संचालित वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2024 के लिए ऑनलाईन आवेदन की अन्तिम तिथि गुरूवार 19 सितम्बर है।

देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त श्री गिरीश कुमार बचानी ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा देवस्थान विभाग के माध्यम से निःशुल्क वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2024 प्रयोजित की गई है। इसके अन्तर्गत हवाई जहाज से पशुपतिनाथ-काठमाण्डू नेपाल की यात्रा की जा सकती है। रेल द्वारा रामेश्वरम, जगन्नाथपुरी, तिरूपति, द्वारकापुरी-सोमनाथ, वैष्णो देवी-अमृतसर, प्रयागराज-वाराणसी, मथुरा-वृन्दावन-बरसाना, सम्मेदशिखर-पावापुरी-बैद्यनाथ, उज्जैन-ओंकारेश्वर-त्रयम्बकेश्वर (नासिक), गंगासागर (कोलकाता), कामाख्या (गुवाहाटी), हरिद्वार-ऋषिकेश-अयोध्या, मथुरा-अयोध्या, बिहार शरीफ, वेलनकानी चर्च (तमिलनाडु) यात्रा की सुविधा है। धार्मिक स्थलों की यात्रा राजस्थान सरकार के द्वारा देवस्थान विभाग के माध्यम से निःशुल्क प्रयोजित की जा रही है। इसके लिए राजस्थान के 60 वर्ष से अधिक आयु के पात्र मूल निवासी वरिष्ठ नागरिकों की गुरूवार 19 सितम्बर तक देवस्थान विभाग की वेबसाइट https://devasthan.rajasthan.gov.in/ हिन्दी में देवस्थान डिपार्टमेन्ट राजस्थान में आवेदन करना होगा। इसी वेबासाईट पर उपलब्ध आवेदन करने के लिंक के माध्यम से अथवा https://edevasthan.rajasthan.gov.in/forms/home.asp& सीधे जाकर भी आवेदन किया जा सकता है।




## गणेश महोत्सव की मच रही हैं धूम

**अजमेर ।** सागरविहार कॉलोनी स्थित बडकालेश्वर मंदिर में गणेश महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जा रहा हैं । गणेश चतुर्थी पर स्थापित गणेश प्रतिमा की महिला मंडल द्वारा रोजाना पूजा अर्चना की जा रही हैं । कार्यक्रम संयोजक वीना उप्पल ने बताया कि प्रतिदिन सांयकाल महिला मंडल द्वारा भजन गाए जाते हैं । गणेश जी की स्तुति की जाती हैं । गणेश जी के भोग लगाकर आरती की जा रही हैं । तत्पश्चात प्रसाद वितरित किया जाता हैं । छोटे बच्चो के बीच विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की जाती हैं, विजेताओं एवम प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाता हैं । इस अवसर पर कौशल्या, लीला अग्रवाल, नगीना चतुर्वेदी, आभा गांधी, अपूर्वा अग्रवाल, प्रियंका शर्मा, अनीता राठी, वर्षा लोढ़ा, अनीता गार्गिया, सहित क्षेत्र की अनेक महिलाएं मौजूद थी ।



**विसर्जन 17 को** - गणेश महोत्सव के समापन पर गणपति विसर्जन मंगलवार को मध्यान्ह 2.15 बजे गाजे बाजे के साथ किया जाएगा ।

## मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव-2024

### जिला स्तरीय कार्यक्रम मंगलवार को

### 139 नवनियुक्त कार्मिक होंगे लाभान्वित

**अजमेर ।** मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव-2024 के मंगलवार 17 सितम्बर को प्रात: 10 जवाहर रंगमंच में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम में 139 नवनियुक्त युवाओं को लाभान्वित किया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सहायक नोडल मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव डॉ. ज्योत्सना रंगा ने बताया कि मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव-2024 राजस्थान सरकार के द्वारा मंगलवार 17 अगस्त को आयोजित होगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम प्रात: 10 बजे जवाहर रंगमंच में होगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम से इससे डिजिटल माध्यम से जोड़ा जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा द्वारा राज्य भर में नव नियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर संवाद किया जाएगा। इस रोजगार उत्सव में राजस्थान सरकार द्वारा पिछले 6 माह में की गई नियुक्तियों के कार्मिकों को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। उन्हें राज्य कार्य के दायित्व के बारे में विस्तार पूर्वक बताया जाएगा। इस मेले का उद्देश्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए रोजगार एवं की गई भर्तियों में युवाओं को अच्छे अवसर प्रदान करना एवं उन्हें राज्य कार्य के प्रति जागरूक करना है।

उन्होंने बताया कि अजमेर जिले के जिला स्तरीय कार्यक्रम में नवनियुक्त 139 कार्मिकों द्वारा भाग लिया जाएगा। इसमें शिक्षा विभाग के 55, वन विभाग के 26, पशुपालन विभाग के 25, स्वायत्त शासन विभाग के 4, कारागार विभाग एवं राजस्थान लोक सेवा आयोग के 2-2 तथा राजस्व विभाग, महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, आयुर्वेद विभाग, वाणिज्य कर विभाग एवं पंजीयन मुद्रांक विभाग के एक-एक कार्मिक शामिल है। इन सभी नवनियुक्त कार्मिकों का स्वागत किया जाएगा। उन्हें वेलकम किट प्रदान कर राजकीय दायित्व निभाने के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा संपूर्ण राजस्थान के नवनियुक्त कार्मिकों से डिजिटल माध्यम से सीधा संवाद भी करेंगे।

## हरियाणा विधानसभा चुनाव में श्री अशोक गहलोत को सीनियर ओब्जर्वर नियुक्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त

**अजमेर ।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लीकार्जुन खड़गे जी द्वारा राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत को हरियाणा विधानसभा चुनाव में सीनियर ओब्जर्वर नियुक्त करने पर आर टी डी सी के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ (पूर्व राज्य मंत्री), अजमेर शहर कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान महासचिव पार्षद नौरत गुजर, निवर्तमान उपाध्यक्ष गुलाम मुस्तफा, अजमेर उत्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल व वाहिद मोहम्मद, पूर्व पार्षद सर्वेश पारीक, हेमंत जोधा, सुनील मोतीयानी, कांग्रेस कमेटी के मंडल अध्यक्ष भंवर सिंह राठौड़, गणेश चौहान, पंकज छोटवानी, निमेश चौहान, कमल बैरवा, हमीद चीता, हेमंत जसोरीया, , पुष्पेंद्र ओझा, निर्मल पारीक, सुआलाल व विश्वेश पारीक सहित अनेक ब्लॉक व मंडल पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पार्टी हाइकमान का आभार व्यक्त किया है तथा आशा व्यक्त की है कि हरियाणा में निश्चित रूप से कांग्रेस की सरकार बनेगी व भाजपा के कुशासन से मुक्ति मिलेगी द्य